-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 07.10.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा के आदेश के क्रम मे जनपद में चलाया गया सघन वाहन चेकिंग अभियान। संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों को किया गया चेक।**

विवरण-श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस. के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने के लिए आज दिनांक 07.10.2025 को जनपद में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य वाहन सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना, अवैध एवं संदिग्ध वाहनों की पहचान करना, यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना तथा अपराध नियंत्रण में सहयोग प्रदान करना था। अभियान के दौरान पुलिस बल ने मुख्य मार्गों, चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर वाहन जांच पोस्ट स्थापित की। वाहनों के दस्तावेज, चालक के लाइसेंस तथा वाहन फिटनेस की जाँच की गई। साथ ही अवैध असलहा, मादक पदार्थ और चोरी से संबंधित वाहनों की रोकथाम हेतु विशेष सतर्कता बरती गई। पुलिस प्रशासन जनपद की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार सतर्क है। नागरिकों से अनुरोध है कि वे वाहन नियमों का पालन करें, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें और सहयोगी बनें।